# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8237 / 2025 दिनांकः 28 मई, 2025

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक**
**सम्बन्धित सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया।**

**विषयः–शैक्षणिक सत्र 2025–26 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं संचालन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

जैसा कि आप विदित ही हैं कि **बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों** के संचालन हेतु महाविद्यालयों को **परामर्शी निकाय – AICTE द्वारा औपचारिक स्वीकृति** प्राप्त किया जाना अनिवार्य होता है, जिससे शासन द्वारा प्रदान की जा रही अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ सम्बन्धित महाविद्यालय को प्राप्त हो सके।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जिन महाविद्यालयों में **पूर्व से बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम** संचालित है अथवा **संचालन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन** है, उन महाविद्यालयों को **शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विद्यार्थियों के नवीन प्रवेश के पूर्व परामर्शी निकाय – AICTE द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र** की प्रति **दिनांकः 10 जून, 2025 तक प्रत्येक दशा में** विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में सन्दर्भगत पाठ्यक्रम में नवीन प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। **यदि उक्त प्रक्रिया का अनुपालन समयान्तर्गत सुनिश्चित किये बिना ही महाविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जाता है, तो सम्बन्धित विद्यार्थियों की परीक्षादि की कार्यवाहियाँ विश्वविद्यालय स्तर से सुनिश्चित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव